

डॉ. चंद्रसेकर सेशाद्री दोगुलुवा

Dr. Chandrasekar Seshadri Thoguluva



पद्म श्री
Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

डॉ. चंद्रसेकर सेशाद्री दोगुलुवा

डॉ. चंद्रसेकर सेशाद्री दोगुलुवा मेड इंडिया हॉस्पिटल्स, चेन्नै के संस्थापक, अध्यक्ष तथा मुख्य इन्टरवेंशनल गैस्ट्रोइंटेरोलोजिस्ट हैं और वर्तमान में इंडियन सोसायटी ऑव गैस्ट्रोइंटेरोलोजी के मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। आपने कई एक अल्प आक्रामक एण्डोस्कोपिक सर्जिकल इंटरवेंशंस की अगुआई की और अत्याधुनिक एण्डोस्कोपिक सुविधाओं तथा उपचार की अवधारणाओं (एसोफेगियल एंड कांस्टीपेशन रिलीफ लैब्स) को जन्म दिया, जिनमें से कई एक को दक्षिण भारत में पहली बार प्रयोग में लाए जाने का श्रेय आपको जाता है।

2. आपका जन्म 14 जुलाई, 1956 को हुआ तथा वर्ष 1978 में मदुरै मेडिकल कॉलेज से आपने एम बी बी एस की उपाधि प्राप्त की और गैस्ट्रोइंटेरोलोजी में विशेषज्ञता हासिल करते हुए परास्नातक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ से एम डी तथा डी एम की उपाधि हासिल की। आपने मद्रास मेडिकल कॉलेज में संकाय सदस्य के रूप में कार्य करना आरंभ किया और बाद में कोयम्बटूर मेडिकल कॉलेज में एक नए गैस्ट्रोइंटेरोलोजी विभाग की स्थापना की। आपने सिंगापुर, म्यांमार, श्रीलंका, बंगलादेश और भारत में आयोजित 80 से अधिक अंतर–राष्ट्रीय सजीव एण्डोस्कोपी कार्यशालाओं में एक विशेषज्ञता प्राप्त संकाय के रूप में सेवाएं दी और 350 से अधिक अतिथीय व्याख्यान और 14 प्रतिष्ठित भाषण दिए एवं नामचीन समीक्षित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में कई एक स्मरणीय वैज्ञानिक प्रकाशनों सहित प्रचुरता से योगदान किया।

3. आपने गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एण्डोस्कोपी पर नए–नए मत प्रतिपादित किए तथा 14 टीचिंग सी डी निर्मित कीं, जिससे शिक्षण की अवधि में कमी लाने और तमिलनाडु में डॉ. एम जी आर मेडिकल विश्वविद्यालय में उन्नत गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एण्डोस्कोपी में परास्नातक डाक्टरी फेलोशिप के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करने में मदद मिली।

4. दृष्टिहीन व्यक्तियों के स्वास्थ्य की चिंता ने आप को तमिलनाडु राज्य में अशक्त स्कूली छात्रों के लिए 'स्वास्थ्य एवं सफाई की आदतों से संबंधित सुझाव' पर 'ब्रेल हेल्थ कार्ड्स' की डिजाइन तैयार करने और वितरित करने के लिए प्रेरित किया जो कि अपने आप में एक नई पहल थी। आपने इस तरह की पहली 24x7 मुफ्त डाइजेस्टिव डिजीजेज हेल्पलाइन की शुरूआत की। आपके द्वारा स्थापित मेड इंडिया चौरिटेबल ट्रस्ट की पहल के तहत् अशक्त स्कूली छात्रों के लिए कई एक जन स्वास्थ्य प्रदर्शनियों एवं मुफ्त मेडिकल कैम्प आयोजित किए गए। आपके द्वारा 'हेपाटाइटिस बी उन्मूलन' पर आयोजित सैकड़ों मास–मीडिया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों से हजारों लोगों को लाभ हुआ।

5. आपकी व्यावसायिक उत्कृष्टता एवं योगदानों की मान्यता स्वरूप डॉ. एम जी आर मेडिकल विश्वविद्यालय ने आपको वर्ष 2009 में डी.एस सी की उपाधि से विभूषित किया, जोकि मेडिकल डॉक्टर को प्रदान की जाने वाली बहुत ही विरल उपलब्धि है। रॉयल कॉलेज ऑव फिजीसियंस ऑव एडिनबर्ग एण्ड ग्लासगो ने वर्ष 2009 में आपको अपनी 'फेलोशिप' के लिए चुना और इसी प्रकार की प्रतिष्ठित फेलोशिप वर्ष 2015 में आपको अमरीकन सोसायटी फॉर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एण्डोस्कोपी से प्राप्त हुई। आप, तमिलनाडु के डॉ. एम जी आर मेडिकल विश्वविद्यालय तथा एडिटोरियल बोर्ड मेम्बर ऑव द जर्नल ऑव डाइजेस्टिव एण्डोस्कोपी को पाठ्येतर समिति के एक विशेषज्ञ सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा इसके अलावा आप इंडिया जर्नल ऑव गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंड हीपैटोलोजी इंटरनेशनल के मानद समीक्षक भी हैं।

6. आपको, भारतीय गैस्ट्रोइंटेरोलोजी सोसायटी द्वारा ओलिम्पस जे मित्रा एण्डोस्कोपी (2008) तथा सिस्को पेंटैक्स ओरेशॅन पुरस्कार (2009), वर्ष 2011 में डॉ. के.एस. संजीवनी पुरस्कार तथा वर्ष 2012 में तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त सर्वोत्तम डॉक्टर के पुरस्कार सहित कई एक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए।

Dr. Chandrasekar Seshadri Thoguluva

Dr. Chandrasekar Seshadri Thoguluva, is the founder, Chairman and Chief Interventional Gastroenterologist of Med India Hospitals, Chennai and is presently the National President Elect, Indian Society of Gastroenterology. He pioneered many minimally invasive endoscopic surgical interventions and introduced state of the art endoscopic facilities and treatment concepts (esophageal & constipation relief labs), with many firsts to his credit in Southern India.

2. Born on 14th July, 1956, Dr. Chandrasekar, received his MBBS degree from Madurai Medical College in 1978, MD and DM from the Post Graduate Institute of Medical Education & Research, Chandigarh, specializing in Gastroenterology. He served as the faculty of Madras Medical College and subsequently established a new Department of Medical Gastroenterology at Coimbatore Medical College, Coimbatore. He served as an expert faculty in over 80 International Live Endoscopy Workshops held at Singapore, Myanmar, Sri Lanka, Bangladesh and India and delivered more than 350 invitational lecturers a and 14 prestigious orations and contributions rich with several noteworthy scientific publications in peer reviewed national and international journals.

3. Dr. Chandrasekar pioneered the idea and created 14 Teaching CDs on Gastrointestinal Endoscopy, which helped to shorten the learning curve and paved the way for introduction of Post Doctoral Fellowship in Advanced Gastrointestinal Endoscopy in Tamil Nadu Dr. MGR Medical University.

4. His concern for the health of visually impaired prompted him to design and distribute 'Braille Health Cards' on 'Tips on Hygiene and Clean Habits' to the disabled school students in the State of Tamil Nadu, a first of its kind initiative. He had launched a 24x7 Toll Free Digestive Diseases Helpline first of its kind. Several public health exhibitions and Free Medical Camps for differently – abled school students were conducted under the initiative of MedIndia Charitable Trust, founded by Dr. Chandrasekar. His hundreds of mass media health awareness programs on 'Hepatitis B eradication', benefited thousands of people.

5. Recognising his professional Excellence and contributions, Dr. MGR Medical University awarded him a D.Sc in 2009, a rarity for a medical doctor. The Royal Colleges of Physicians of Edinburgh and Glasgow elected him to their 'Fellowship' in 2009 and so was the prestigious 'Fellowship' from American Society for Gastrointestinal Endoscopy in 2015. He serves as an Expert Curriculum Committee Member of Tamil Nadu Dr. MGR Medical University and Editorial Board Member of the Journal of Digestive Endoscopy and also as Honoray Reviewer, India Journal of Gastroenterology and Hepatology International.

6. Dr. Chandrasekar is the recipient of several awards and recognitions including the Olympus J-Mitra Endoscopy (2008) and SISCO Pentax Oration Awards (2009) by Indian Society of Gastroenterology, Dr. K.S. Sanjivi Award in 2011 and Best Doctor award by Hon'ble Chief Minister of Tamil Nadu in 2012.